
# शाहिद कपूर फिर बने सनकी हीरो



**ओ 'रोमियो** के ट्रेलर की शुरुआत से ही शाहिद कपूर का किरदार 'उस्तरा' दर्शकों पर हावी हो जाता है. एक ऐसा गैंगस्टर, जो जितना खतरनाक है, उतना ही अजीब और सनकी भी. ट्रेलर के एक सीन में शाहिद टेडी बियर जलाकर उससे सिगरेट सुलगाते नजर आते हैं, जो उनके डार्क माइंडसेट और अनोखे स्वभाव को बखूबी दर्शाता है. विशाल भारद्वाज की पहचान ही यही रही है कि वह अपने किरदारों को सिर्फ अच्छा या बुरा नहीं बनाते, बल्कि उन्हें परतों में गढ़ते हैं.

फिल्म की कहानी मुंबई के अंडरवर्ल्ड और अपराध की दुनिया में रची-बसी है, जहां खून-खराबे के बीच संगीत और नाच-गाने का भी अहम रोल है. यही विरोधाभास ट्रेलर को और दिलचस्प बनाता है. विशाल भारद्वाज का सिग्नेचर स्टाइल, बैकग्राउंड स्कोर और संवाद ट्रेलर में साफ झलकता है. तृप्ति डिमरी फिल्म में एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हैं, जो बदले की आग में 'उस्तरा' के पास सुपारी लेकर पहुंचती है. लेकिन कहानी उस मोड़ पर पहुंच जाती है, जहां उस्तरा को उससे प्यार हो जाता है. ट्रेलर में शाहिद का यह डायलॉग- 'मुझे तुम्हारा जिस्म नहीं, तुम्हारी रूह चाहिए' - दर्शकों के बीच खूब चर्चा बटोर रहा है.

फिल्म में नाना पाटेकर एक सख्त पुलिस अधिकारी के रोल में नजर आ रहे हैं, जो कहानी में एक मजबूत टकराव पैदा करते हैं. वहीं विक्रांत मैसी और अविनाश तिवारी जैसे कलाकार फिल्म को और मजबूती देते हैं. तमन्ना भाटिया का स्पेशल अपीयरेंस भी ट्रेलर की खास झलकियों में शामिल है. साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित ओ 'रोमियो वैलेंटाइन वीक के दौरान 13 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. विशाल भारद्वाज और शाहिद कपूर की पिछली सफल फिल्मों को देखते हुए फैंस को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं. ट्रेलर यह साफ करता है कि ओ 'रोमियो सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि इमोशन, हिंसा और रोमांस का एक अनोखा सिनेमाई अनुभव होने वाली है.

# सुनील ग्रोवर के किरदारों पर सवाल



**कॉमेडी** की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले सुनील पाल एक बार फिर अपने बेबाक और विवादित बयान को लेकर चर्चा में हैं. इस बार उनका निशाना बने हैं मशहूर कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर, जिन्हें दर्शकों ने कपिल शर्मा शो में 'गुत्थी', 'रिंकू भाभी' और अन्य महिला किरदारों में खूब पसंद किया है. जहां एक तरफ सुनील ग्रोवर की एक्टिंग और वर्सेटिलिटी की तारीफ होती रही है, वहीं सुनील पाल ने उनके क्रॉस-ड्रेस्ड किरदारों को लेकर बेहद कड़ा बयान दे दिया है. हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सुनील पाल ने खुलासा किया कि सुनील ग्रोवर को महिला के वेश में देखकर वह इतने असहज हो गए थे कि उन्हें उल्टी तक आ गई थी. उनका कहना है कि पुरुषों का महिलाओं के कपड़े पहनकर कॉमेडी करना उन्हें घिनौना लगता है. इस बयान के सामने आते ही सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है कि क्या कॉमेडी में हर तरह के प्रयोग सही हैं या फिर कुछ सीमाएं होनी चाहिए.

# नेहा धूपिया का ब्लोटिंग देसी नुस्खा

**बॉलीवुड** अभिनेत्री नेहा धूपिया, 21 दिनों की एंटी-इंफ्लेमेटरी चैलेंज के ज़रिए हज़ारों लोगों को हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के लिए प्रेरित करने के बाद एक बार फिर अपने वेलनेस मंत्र के साथ वापस आई हैं.नेहा इस बार वह आधुनिक जीवन की एक आम समस्या ब्लोटिंग और खराब पाचन का आसान और पारंपरिक समाधान साझा कर रही हैं.

सस्टेनेबल और बिना झंझट वाली फिटनेस में विश्वास रखने वाली नेहा ने अपना नाइट-टाइम देसी ड्रिंक बताया, जिसे वह लंबे और थकाऊ दिनों के बाद पेट को शांत करने, ब्लोटिंग कम करने और बेहतर नींद के लिए अपनाती हैं. नेहा ने इसे अपना 'वार्म और फज़ी' बेडटाइम रिचुअल बताते हुए साझा किया कि यह साधारण सा नुस्खा उनकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है.



नेहा ने रील में कहा, 'यह सच में मेरा नाइट-टाइम ड्रिंक है. यह ब्लोटिंग कम करने, पाचन सुधारने और अच्छी नींद में मदद करता है,' और इस बात पर ज़ोर दिया कि छोटी लेकिन नियमित आदतें ओवरऑल हेल्थ में बड़ा बदलाव ला सकती हैं.भारतीय पारंपरिक ज्ञान से जुड़ा यह ड्रिंक सौंफ, अजवाइन, जीरा, ताज़ा कटा हुआ अदरक और नींबू की कुछ बूंदों से तैयार किया जाता है. इन सभी चीज़ों को पानी में उबालकर लगभग पाँच मिनट तक पकाया जाता है और फिर इसे गुनगुना पिया जाता है.'

नेहा ने कहा, 'बस इतना ही, आपका नाइट-टाइम एंटी-ब्लोटिंग ड्रिंक तैयार है. यह मेरे लिए जादू की तरह काम करता है. दिखने और स्वाद में भी अच्छा है.'

नेहा ने इस नुस्खे का श्रेय अपनी न्यूट्रिशनिस्ट ऋचा गंगानी को दिया और अपने फॉलोअर्स को यह सलाह भी दी कि किसी भी नए रेमेडी को अपनाने से पहले डाइटिशियन, न्यूट्रिशनिस्ट या डॉक्टर से सलाह ज़रूर लें, क्योंकि वेलनेस हर व्यक्ति के लिए अलग होती है.

## रियल लोकेशन्स पर शूट हुआ शो तोड़ कर दिल मेरा



**स्टार** प्लस का शो तोड़ कर दिल रियल लोकेशन्स पर शूट किया गया है. स्टार प्लस एक नई लव स्टोरी लेकर आ रहा है, जिसका नाम तोड़ कर दिल मेरा है. यह कहानी बाकी लव स्टोरीज़ से अलग है, क्योंकि इसकी शुरुआत अरेंज मैरिज से होती है और इसका बैकड्रॉप लखनऊ में सेट है. शो के प्रोमो में बैकग्राउंड में दिख रही खूबसूरत लोकेशन्स ने पहले ही लोगों का ध्यान खींच लिया है. इसे और भी खास बनाते हुए शो के निर्माता सचिन पांडे ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि यह पहली बार है जब स्टार प्लस का कोई शो पूरी तरह लाइव लोकेशन्स पर शूट किया गया है, बिना किसी सेट के, जिससे यह दर्शकों के लिए और भी ज्यादा रियल और कनेक्टिंग बन जाता है.

## खत्म हुआ बिग बॉस ओटीटी का सफर





**रियलिटी** टीवी की दुनिया के सबसे पॉपुलर शोज में शामिल बिग बॉस को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है. लंबे समय से चल रही अटकलों पर अब आखिरकार विराम लग गया है. बिग बॉस ओटीटी का चौथा सीजन अब नहीं आएगा. शो के क्रिएटर ऋषि नेगी ने खुद इसकी पुष्टि करते हुए साफ कर दिया है कि ओटीटी वर्जन को हमेशा के लिए बंद करने का फैसला लिया गया है. 2021 में लॉन्च हुआ बिग बॉस ओटीटी डिजिटल दर्शकों के बीच काफी चर्चित रहा. खासतौर पर दूसरा सीजन, जिसे सलमान खान ने होस्ट किया और एल्विश यादव ने जीता, वह ब्लॉकबस्टर साबित हुआ था. इसके बावजूद मेकर्स ने यह अहम फैसला क्यों लिया, यही सवाल अब फैंस के मन में घूम रहा है. मेकर्स का मानना है कि हिंदी में बिग बॉस के दो अलग-अलग वर्जन चलाने की जरूरत नहीं है. अब जब मेन बिग बॉस टीवी और ओटीटी दोनों प्लेटफॉर्म पर साथ-साथ स्ट्रीम हो रहा है, तो अलग से ओटीटी वर्जन रखना व्यावहारिक नहीं रहा. इस फैसले ने बिग बॉस के फैंस को जरूर चौंकाया है.

## 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में पवन सिंह खुलासा

**'द ग्रेट** इंडियन कपिल शो सीजन 4 पूरी तरह भोजपुरी रंग में रंगा नज़र आएगा, जब पवन सिंह, मनोज तिवारी और दिनेश 'निरहुआ' लाल यादव शो में एंट्री लेते हैं, तो माहौल जोश और मस्ती से भर जाता है. कपिल शर्मा भी उसी जोश में अपने 'नेताजी' अवतार में आ जाते हैं और मंच को एक छोटे से चुनावी मंच में बदल देते हैं. वह मनोज तिवारी की टांग खींचते हुए कहते हैं कि जहां गाना होता है और जहां जनता होती है, वहां मनोज तिवारी जरूर पहुंच जाते हैं . सिंगर हों, एक्टर हों या पॉलिटिशियन, मनोज तिवारी हर भूमिका को बड़ी सहजता से निभाते नजर आते हैं. कुछ ही मिनटों में हंसी की गूंज बढ़ जाती है और पूरा माहौल जोश और मस्ती से भर जाता है.

# 'धुरंधर 2' से जुड़े विक्की कौशल!



**बॉलीवुड** में जब भी किसी बड़े एक्शन फ्रेंचाइज़ी की चर्चा होती है, तो उससे जुड़ी हर छोटी-बड़ी खबर फैंस के बीच हलचल मचा देती है. ऐसी ही एक बड़ी चर्चा इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2: द रिवेंज' को लेकर सामने आई है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में विक्की कौशल की सरप्राइज एंट्री हो सकती है. हालांकि वह फिल्म के लीड रोल में नजर नहीं आएंगे, लेकिन उनका किरदार कहानी के लिए बेहद अहम बताया जा रहा है.

खास बात यह है कि विक्की कौशल इस फिल्म में अपने सुपरहिट और चर्चित किरदार मेजर विहान शेरगिल के रूप में वापसी कर सकते हैं, जिसे उन्होंने फिल्म 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' में निभाया था. यह खबर सामने आते ही सोशल मीडिया पर एक्साइटमेंट का माहौल है. फैंस यह जानने को उत्सुक हैं कि क्या 'उरी' और 'धुरंधर' की दुनिया आपस में जुड़ने वाली है. निर्देशक आदित्य धर पहले से ही अपनी सीक्रेसी और ग्रैंड प्लानिंग के लिए जाने जाते हैं. ऐसे में 'धुरंधर 2' को लेकर चल रही यह चर्चा फिल्म को लेकर उत्सुकता को और बढ़ा रही है.

# सोनम कपूर ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप



**मैटरनिटी** फोटोशूट में सोनम कपूर का ऑल-ब्लैक लुक चर्चा का विषय बना हुआ है. उन्होंने ब्लैक हाई-नेक क्रॉप टॉप के ऊपर स्ट्रक्चर्ड ब्लेजर पहना है, जिसमें डबल कॉलर और नॉच लैपल्स नजर आते हैं. नीचे पैंट की जगह उन्होंने पेंसिल स्टाइल मैक्सी स्कर्ट को चुना, जो उनके बेबी बंप को खूबसूरती से हाईलाइट कर रही है. यह आउटफिट न सिर्फ स्टाइलिश है, बल्कि मैटरनिटी फैशन में एक नया ट्रेंड भी सेट करता नजर आ रहा है. एक्सेसरीज के मामले में सोनम ने मिनिमल अप्रोच अपनाई है. उन्होंने डायमंड पेंडेंट, वेस्ट चेन, कुछ रिंग्स और ब्लैक हर्मेस बकेट बैग के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया. मेकअप में उन्होंने फुल ग्लैम लुक चुना है, जिसमें हल्की शिमर वाली आंखें, शार्प आईलाइनर और लंबी लैशेज शामिल हैं. कुल मिलाकर उनका पूरा अवतार क्लासी और ग्रेसफुल दिखाई देता है.

इस खास आउटफिट को सोनम की बहन और मशहूर फैशन स्टाइलिस्ट रिया कपूर ने स्टाइल किया है. रिया और सोनम की जोड़ी पहले भी कई बार फैशन गोल्स सेट कर चुकी है.

# क्राइम थ्रिलर 'दलदल' का ट्रेलर आउट



**मुंबई** शहर की पृष्ठभूमि पर बनी दलदल की कहानी डीसीपी रीटा फरेरा के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनका किरदार भूमि सतिश पेडनेकर निभा रही हैं. वह एक खतरनाक जांच पर निकलती हैं, जहां उन्हें एक निर्दयी सीरियल किलर का पीछा करना होता है. विश धामिजा की बेस्टसेलिंग किताब भिंडी बाज़ार पर आधारित, दलदल को अमृत राज गुप्ता ने डायरेक्ट किया है और विक्रम मल्होत्रा और सुरेश त्रिवेणी ने प्रोड्यूस किया है.

एबंडेंशिया एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन की यह सीरीज़ सुरेश त्रिवेनी ने बनाई है और इसे श्रीकांत अग्निस्वरन, रोहन डिसूजा और प्रिया सग्गी ने लिखा है, जिसके दमदार डायलॉग सुरेश त्रिवेनी और हुसैन हैदरी ने लिखे हैं. भूमि सतिश पेडनेकर के साथ इस सीरीज़ में समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. दलदल का प्रीमियर 30 जनवरी को प्राइम वीडियो पर भारत समेत 240 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में विशेष रूप से किया जाएगा.

दलदल में डीसीपी रीटा फरेरा की भूमिका निभा रहीं भूमि सतिश पेडनेकर ने कहा, 'रीटा फरेरा का किरदार निभाना मेरे करियर के सबसे गहन और रचनात्मक रूप से संतोषजनक अनुभवों में से एक रहा है.



# ओप्पो का नया रेनो 15 एफएस 5जी लॉन्च



**ओप्पो** ने अपनी रेनो 15 सीरीज में रेनो 15 एफएस 5जी के साथ एक और मजबूती वाला स्मार्टफोन पेश किया है. एफएस मॉडल में 6,500एमएएच की बैटरी है, जो पूरे दिन और रातभर फोन को चार्ज रहने की क्षमता देती है. लंबी बैटरी लाइफ के साथ फोन में 80वाट सुपर फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट है, जिससे फोन जल्दी चार्ज भी हो जाता है.

फोन में 6.57-इंच का फुल-एचडी+ एएमओएलईडी डिस्प्ले है, जो 120हर्ट्ज रिफ्रेश रेट सपोर्ट करता है. इसके अलावा 240हर्ट्ज टच सैंपलिंग रेट और 1,400 निट्स की पीक ब्राइटनेस इसे हर रोशनी में स्पष्ट दृश्यता प्रदान करती है.

यह फोन क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 6 जनरेशन 1 चिपसेट पर चलता है, जिसमें एड्रेनो 710 जीपीयू ग्राफिक्स की जिम्मेदारी संभालता है. रेनो 15 एफएस 5जी का ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप 50एमपी प्राइमरी कैमरा, 8एमपी अल्ट्रा-वाइड और 2एमपी मैक्रो लेंस से लैस है.

फ्रंट कैमरा 50एमपी का है, जो शानदार सेल्फी और वीडियो कॉलिंग का अनुभव देता है. फोन का स्टोरेज 512जीबी तक और रैम 8जीबी तक है. इस प्रकार यूजर्स भारी ऐप्स और डेटा के बावजूद बिना धीमा हुए फोन का इस्तेमाल कर सकते हैं. सुरक्षा के लिहाज से फोन में गोरिल्ला ग्लास और+ ग्लास का प्रोटेक्शन है.

रेनो 15 एफएस 5जी ऑरोरा ब्लू और ट्वाइलाइट ब्लू रंगों में उपलब्ध है. यूरोपीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 50,200 रुपये तय की गई है.वेरिएंट रेनो 15 लाइनअप में एक नया जोड़ है, जिसमें पहले से रेनो 15, रेनो 15 प्रो, रेनो 15 प्रो मैक्स, रेनो 15 प्रो मिनी, रेनो 15सी और रेनो 15एफ मॉडल शामिल हैं. कुल मिलाकर ओप्पो का नया रेनो 15 एफएस 5जी लंबे समय तक बैटरी, शानदार डिस्प्ले, उच्च स्टोरेज और फास्ट चार्जिंग फीचर्स के साथ टेक प्रेमियों के लिए आकर्षक विकल्प साबित होगा.

# 20 साल में सबसे तेज सौर तूफान



**अंतरिक्ष** की दुनिया ने फिर एक बार अपनी ताकत दिखाई है. सूरज से निकले सबसे तेज और शक्तिशाली सौर तूफान ने पिछले 20 साल में पृथ्वी को सबसे ज्यादा प्रभावित किया. इस तूफान की वजह से अमेरिका, कनाडा और यूरोप के कई हिस्सों में रात के आकाश को हरे, लाल और बैंगनी रंगों से जगमगाते हुए नॉर्दर्न लाइट्स देखा गया. यह घटना बेहद दुर्लभ मानी जा रही है, क्योंकि आमतौर पर नॉर्दर्न लाइट्स सिर्फ ध्रुवीय क्षेत्रों में ही दिखाई देती हैं.


अमेरिका के उत्तरी और मध्य राज्यों से लेकर दक्षिणी राज्यों तक, जैसे अलबामा और कैलिफोर्निया, नॉर्दर्न लाइट्स ने आकाश को रंगीन कर दिया. कनाडा में यह और भी चमकीली नजर आई. यूरोप में जर्मनी (बर्लिन), स्विट्जरलैंड (आल्प्स), नीदरलैंड्स, यूक्रेन (लीविव), फ्रांस, हंगरी और ब्रिटेन में भी रंगीन रोशनी देखी गई. सामान्यत: यह रोशनी केवल ध्रुवीय इलाकों में ही दिखाई देती है, लेकिन इस तूफान ने इसे असाधारण रूप से फैलाया.

वैज्ञानिकों के अनुसार, सूरज से निकले इलेक्ट्रॉन और प्रोटॉन पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से टकराते हैं. ये वायुमंडल में ऑक्सीजन और नाइट्रोजन से टकराकर रंगीन रोशनी उत्पन्न करते हैं. हरा रंग ऑक्सीजन, जबकि लाल और बैंगनी रंग नाइट्रोजन से बनता है. इस बार का तूफान इतना शक्तिशाली था कि रोशनी बहुत दूर तक दिखाई दी और बेहद चमकीली नजर आई. सूरज का 11 साल का सौर चक्र जारी है, और 2024 के अंत में सौर चरम बिंदु पहुंचा था. वैज्ञानिकों का कहना है कि 2026 तक भी सूरज से मजबूत घटनाएं हो सकती हैं. इस तूफान का असर सिर्फ नॉर्दर्न लाइट्स तक सीमित नहीं रहा. यह उपग्रह, मार्गदर्शन प्रणाली, उच्च आवृत्ति रेडियो और विद्युत ग्रिड पर असर डाल सकता है. अंतरिक्ष यात्रियों और ध्रुवीय उड़ानों में यात्रियों के लिए रेडिएशन का खतरा बढ़ गया है.

2003 में हुए तूफान की तुलना में यह घटना और भी उल्लेखनीय है. पिछली बार, स्वीडन में बिजली गुल हुई थी और दक्षिण अफ्रीका में ट्रांसफॉर्मर खराब हुए थे. इस बार वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र में बदलाव और अंतरिक्ष उपकरणों पर असर हो सकता है.

# रोबोट्स की त्वचा में होगा रिफ्लेक्स

**वैज्ञानिकों** ने एक ऐसी खोज की है जो अब तक केवल विज्ञान कथाओं और फिल्मों में ही देखी जाती थी. सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ हॉन्गकॉन्ग के शोधकर्ताओं ने रोबोट्स के लिए नई आर्टिफिशियल त्वचा विकसित की है, जो उन्हें दर्द और चोट का अहसास कराएगी. अब तक रोबोट्स केवल इंसानों के निर्देशों का पालन करते थे और खुद को होने वाले नुकसान को समझ नहीं पाते थे. लेकिन नई ई-स्किन 'न्यूरोमॉर्फिक' प्रणाली पर आधारित है, जो मानव तंत्रिका तंत्र की नकल करती है.



इस त्वचा के सेंसर हल्के स्पर्श और गंभीर चोट के बीच अंतर कर सकते हैं. यानी जैसे इंसान किसी गर्म चीज को छूते ही तुरंत पीछे हट जाता है, ठीक वैसे ही रोबोट्स भी चोट या खतरे का अहसास करते ही प्रतिक्रिया देंगे. भविष्य में जब ह्यूमनॉइड रोबोट्स घरों, अस्पतालों और उद्योगों में इंसानों के साथ काम करेंगे, तो यह तकनीक उनके लिए सुरक्षा का काम करेगी. इसके अलावा, यह मॉड्यूलर डिजाइन वाला है, जिसका मतलब है कि अगर त्वचा का कोई हिस्सा खराब हो जाए, तो उसे आसानी से बदलकर रोबोट को फिर से पूरी तरह कार्यक्षम बनाया जा सकेगा.

# आईफोन उपयोगकर्ताओं के लिए व्हाट्सएप का नया फीचर

**मैसेजिंग** प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप लगातार अपने उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए नए-नए फीचर पेश कर रहा है. इसी क्रम में अब कंपनी ने आईफोन उपयोगकर्ताओं के लिए एक नया और बेहद उपयोगी फीचर शुरू किया है, जिसका नाम है ग्रुप चैट हिस्ट्री शेयरिंग फीचर. इस फीचर की मदद से अब ग्रुप में जोड़े गए नए सदस्य पहले की बातचीत से आसानी से जुड़ सकेंगे. व्हाट्सएप का यह फीचर फिलहाल आईओएस बीटा वर्जन में टेस्टफ्लाइट के जरिए कुछ चुनिंदा उपयोगकर्ताओं के लिए जारी किया गया है. इससे पहले यह सुविधा केवल एंड्रॉयड बीटा वर्जन में देखी गई थी.




अब कंपनी इसे आईफोन उपयोगकर्ताओं तक भी धीरे-धीरे पहुंचा रही है. इस नए फीचर के तहत जब किसी व्हाट्सएप ग्रुप में नया सदस्य जोड़ा जाता है, तो उसे पिछले 14 दिनों तक के अधिकतम 100 मैसेज दिखाए जा सकते हैं. इससे नए सदस्य को ग्रुप के उद्देश्य, चर्चा और जरूरी जानकारी समझने में आसानी होगी. अब पुराने मैसेज के स्क्रीनशॉट मांगने या बार-बार सवाल पूछने की जरूरत नहीं पड़ेगी.

जब ग्रुप में किसी नए सदस्य को जोड़ा जाएगा, तो ऐड मेंबर विकल्प चुनने के बाद स्क्रीन पर नीचे की ओर शेयर रिसेंट मैसेज का विकल्प दिखाई देगा. यहां से ग्रुप एडमिन या सदस्य यह तय कर सकते हैं कि कितने मैसेज साझा करने हैं. चाहें तो पूरे 100 मैसेज भेजे जा सकते हैं या फिर कम मैसेज भी चुने जा सकते हैं. नए सदस्य को जो मैसेज भेजे जाएंगे, वे उसे अलग रंग में दिखाई देंगे, जिससे यह पहचानना आसान होगा कि ये पुराने साझा किए गए मैसेज हैं.

व्हाट्सएप ने इस फीचर में पारदर्शिता और सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा है. जब पुराने मैसेज नए सदस्य के साथ साझा किए जाते हैं, तो ग्रुप के सभी सदस्यों को इसकी जानकारी दी जाती है. चैट में एक स्वचालित संदेश दिखाई देता है, जिसमें यह बताया जाता है कि किस सदस्य ने मैसेज साझा किए हैं साथ ही साझा किए गए सभी मैसेज एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन के साथ सुरक्षित रहते हैं, जिससे यूजर्स की निजता पर कोई असर नहीं पड़ता. कुल मिलाकर, व्हाट्सएप का यह नया फीचर ग्रुप चैट को और ज्यादा उपयोगी, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है.